# शहडोल को रेल विकास की बड़ी सौगात की उम्मीद



## सांसद हिमाद्री सिंह की रेल मंत्री से अहम मुलाकात

**शहडोल।** विंध्य और महाकौशल के जनजातीय अंचलों को मुख्यधारा से जोडने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं और सेवाओं के विस्तार का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा। इस मुलाकात में नई रेल लाइनों, ट्रेनों के विस्तार, छोटे स्टेशनों पर ठहराव और देश के बड़े महानगरों से सीधी कनेक्टिविटी को लेकर गंभीर चर्चा हुई। रेल मंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए भविष्य में ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया। सांसद हिमाद्री सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहडोल और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों का समुचित विकास तभी संभव है जब यहां मजबूत और विस्तृत रेल नेटवर्क स्थापित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का उल्लेख करते हुए शहडोल क्षेत्र को भी उसी गति से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई।






### नई रेल लाइनों से जनजातीय अंचलों को मिलेगी रफ्तार

मुलाकात के दौरान सांसद ने रीवा-शहडोल (वाया ब्यौहारी, जयसिंहनगर) और शहडोल-मंडला (वाया डिंडोरी) के बीच नई रेल लाइन बिछाने की मांग प्रमुखता से रखी। इन परियोजनाओं से अब तक रेल सुविधा से वंचित जनजातीय क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी। पहले किए गए सर्वे को आगे बढ़ाने और बजट में शामिल करने का आग्रह भी किया गया।

### छोटे स्टेशनों पर ठहराव की मांग से यात्रियों को राहत

सांसद ने वेंकटनगर, बिरसिंहपुर, चंदिया रोड, नौरोजाबाद, निगौरा और करकेली जैसे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई। उन्होंने नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी-गोंदिया और जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के स्टॉपेज का प्रस्ताव दिया। इससे स्थानीय यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बड़े शहरों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और क्षेत्रीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### मुंबई से सीधी कनेक्टिविटी का प्रस्ताव बना आकर्षण का केंद्र

बैठक का सबसे अहम बिंदु रहा शहडोल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से जोडऩे का प्रस्ताव। सांसद ने रीवा-मुंबई एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन कटनी-शहडोल-बिलासपुर मार्ग से चलाने की मांग रखी। इस पहल से क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### चेन्नई तक रेल विस्तार से दक्षिण भारत से जुड़ाव मजबूत

सांसद ने बिलासपुर से चेन्नई तक चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को शहडोल तक विस्तारित करने की भी मांग की। इसके अलावा चिरमिरी एक्सप्रेस को दैनिक करने और अन्य ट्रेनों के विस्तार पर भी चर्चा हुई। इन प्रस्तावों के लागू होने से शहडोल का संपर्क दक्षिण भारत सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों से और मजबूत होगा।

### मंडला और जयसिंहनगर रेल लाइन सर्वे पर जोर

शहडोल से जयसिंहनगर होते हुए ब्यौहारी और आगे सिंगरौली तक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पूर्व में किए गए सर्वे को पुनः शुरू करने का अनुरोध किया गया। साथ ही मंडला रेल लाइन के सर्वे को दिसंबर तक पूरा कराने की मांग भी रखी गई, जिससे विंध्य और महाकौशल के आदिवासी समुदायों को सीधा लाभ मिल सके।

### स्वास्थ्य और समग्र विकास से जुड़ी सोच

सांसद ने इस दौरान यह भी रेखांकित किया कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। दूरस्थ क्षेत्रों के मरीज बड़े शहरों के अस्पतालों तक समय पर पहुंच सकेंगे, जिससे जीवन रक्षक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सांसद हिमाद्री सिंह की यह पहल शहडोल और आसपास के क्षेत्रों के लिए विकास का नया अध्याय खोल सकती है। यदि प्रस्तावित योजनाएं अमल में आती हैं, तो आने वाले समय में शहडोल का रेल मानचित्र पूरी तरह बदल जाएगा और यह क्षेत्र आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत दृष्टि से नई ऊंचाइयों को छू सकेगा।

## खबर संक्षेप

### पिकअप चालक की लापरवाही ने ली युवक की जान



**ब्यौहारी।** सडक़ किनारे खड़ी मौत और नियम ताक पर रखकर दौड़ते वाहन अब बेगुनाहों का खून बहा रहे हैं। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खटखरिया तालाब के पास एक रूह कंपा देने वाला हादसा सामने आया है, जहां लापरवाही से खड़े सरिया लदे पिकअप ने एक युवक की जान ले ली। तेज रफ्तार बाइक सवार अछू कोल सडक़ किनारे खड़ी उस पिकअप से जा टकराया, जिसमें क्षमता से बाहर निकले कत्लखानी सरिये लदे थे। हादसा इतना वीभत्स था कि पिकअप से बाहर निकले दो लोहे के सरिये युवक की गर्दन और पेट को चीरते हुए आर-पार हो गए। अछू कोल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। खौफनाक मंजर यह था कि युवक का शव सरियों में इस कदर फंस गया था कि पुलिस को बाइक पीछे खींचकर कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालना पड़ा।

**चेतावनी का नामोनिशान नहीं, सिस्टम मौन!**

हैरत की बात है कि मौत का सामान (सरिया) लेकर खड़ी पिकअप पर न तो कोई लाल कपड़ा बंधा था और न ही कोई चेतावनी संकेत। चालक की इस आपराधिक लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार को ताउम्र का दर्द दे दिया। ब्यौहारी पुलिस ने फिलहाल वाहन जब्त कर मर्ग कायम कर लिया है, लेकिन सवाल वही है कि सडक़ों पर घूमते इन यमराजों पर लगाम कब लगेगी।

### शादी का झांसा देकर आबरू लूटने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बुढार।** महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के खिलाफ बुढार पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। शादी का झांसा देकर एक युवती की अस्मत लूटने और फिर जातिगत अपमान करने वाले मुख्य आरोपी कान्हा उर्फ आकाश चेलानी को पुलिस ने धर दबोचा है। बीती 11 फरवरी को एक पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी कि मिश्रा कॉलोनी निवासी कान्हा चेलानी ने शादी का वादा कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने विवाह का दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसकी जाति को लेकर अभद्र टिप्पणी की और साफ मुकर गया। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए कान्हा सहित आशीष और नवीन चेलानी के खिलाफ बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था।

**पुलिस की सख्ती, आरोपी पस्त**

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने जाल बिछाया। एक आरोपी पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ चुका था, वहीं शनिवार 28 मार्च को मुख्य शिकारी कान्हा चेलानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का साफ संदेश है कि फरार आरोपी नवीन चेलानी भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा। अपराधियों के लिए अब बुढार की जमीन तंग हो चुकी है। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक विनय सिंह गहरवार, उनि. गोविन्दराम भगत, प्रआर. धर्मेन्द्र सिंह और आरक्षक चन्द्रभूषण तिवारी की अहम भूमिका रही।

## रेउसा पंचायत में विकास नहीं, विनाश की गंगा

# 32 लाख से अधिक के कार्यों में बंदरबांट

### जांच समिति ने सचिव और उपयंत्री की गर्दन नापी

**शहडोल।** कहते हैं सरकारी खजाना जनता की सेवा के लिए होता है, लेकिन जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत रेउसा में तो जैसे अंधेर नगरी-चौपट राजा वाला हाल है। यहां विकास के नाम पर कागजों पर जो खेल खेला गया है, उसे सुनकर किसी के भी होश उड़ जाएं। बिना किसी तकनीकी स्वीकृति और बिना प्रशासकीय मंजूरी के ही लाखों रुपये की बंदरबांट कर ली गई । ताज्जुब की बात यह है कि जिम्मेदार सेक्टर उपयंत्री रईशुददीन खान को इसकी भनक तक नहीं लगी या यूं कहें कि उन्होंने अपनी आंखें जानबूझकर मूंद रखी थीं ।

### बिना स्वीकृति के उड़ा दिए 11.55 लाख

जांच समिति की रिपोर्ट ने भ्रष्टाचार की ऐसी दुर्गंध फैलाई है कि पूरा प्रशासनिक अमला सकते में है। रिपोर्ट के अनुसार, पंचायत में कुल 17 ऐसे कार्य पाए गए, जिनकी न तो कोई तकनीकी स्वीकृति थी और न ही कोई रिकॉर्ड । इसके बावजूद 11,55,420 रुपये का भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से कर दिया गया। पीसीसी रोड निर्माण (रामलाल के



घर से लालमन के घर तक): 1,49,282 डकार लिए गए, जबकि कार्य स्वीकृत ही नहीं था । पंचायत मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण: 1,57,080 की राशि बिना किसी मंजूरी के ठिकाने लगा दी गई । पुलिया निर्माण (डंडिया तिराहा): यहां तो साल दर साल लूट मची रही। पहले 4,29,874 और फिर 70,000 की राशि बिना स्वीकृति के निकाल ली गई । पुताई और बिजली फिटिंग: पंचायत भवन की पुताई, लेखन और बिजली फिटिंग के नाम पर भी करीब 2,10,000 का चूना लगाया गया ।

### विकास के नाम पर सिर्फ धोखा

सिर्फ बिना स्वीकृति के पैसे निकालना ही अपराध नहीं था, जो काम स्वीकृत थे, उनमें भी जमकर मलाई काटी गई। जांच में 4 मुख्य निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता पाई गई है, जहां मूल्यांकन से कहीं ज्यादा राशि खर्च कर दी गई और काम की गुणवत्ता रद्दी से भी बदतर है। नाडेप निर्माण: स्वीकृत राशि से 1,79,134 अधिक खर्च दिखाए गए, पर निर्माण की गुणवत्ता शून्य है । सांस्कृतिक मंच: यहां 1,26,753 का अतिरिक्त चूना सरकारी खजाने को लगाया गया । मुख्य मार्ग से देवी मंदिर रोड: इस काम में भी 1,23,223 का फर्जीवाड़ा सामने आया है । कुल मिलाकर 7,61,726 का ऐसा व्यय पाया गया जो गुणवत्ताविहीन और मूल्यांकन से परे है । क्या उपयंत्री महोदय को यह घटिया काम नजर नहीं आया या फिर कमीशन के खेल ने उनकी दृष्टि धुंधली कर दी थी।

**सोख्ता से लेकर शौचालय तक सब साफ**

जांच अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, गोहपारु की रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि सोख्ता निर्माण, लीज पिट और सामुदायिक शौचालय जैसे महत्वपूर्ण कार्य न केवल अधूरे हैं, बल्कि जितने बने हैं, वे भी पूरी तरह से गुणवत्ताहीन हैं । इन 3 अधूरे कार्यों पर 3,35,308 फूंक दिए गए। यही हाल बाउंड्रीवॉल और पुलिया निर्माण का भी है। काम तो पूर्ण घोषित कर दिए गए, लेकिन मौके पर वे भ्रष्टाचार की कहानी खुद बयां कर रहे हैं । करीब 9,91,085 की लागत से बने ये कार्य पूरी तरह घटिया पाए गए हैं ।

### साहब फरार हैं! जांच से बच रहे उपयंत्री रईशुददीन

जब पाप का घड़ा भरता है, तो जवाब देते नहीं बनता। जांच समिति ने उपयंत्री रईशुददीन खान को 17 मार्च 2026 को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था, लेकिन साहब नदारद रहे । उनकी यह अनुपस्थिति साफ इशारा करती है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है । प्रशासन ने उन्हें 26 मार्च 2026 तक का अंतिम अल्टीमेटम दिया था। यदि इस बार भी वे तथ्यपरक जवाब नहीं दे पाये होंगे, तो यह मान लिया जाएगा कि उन्होंने अपनी गलतियां स्वीकार कर ली हैं और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए फाइल जिला पंचायत सीईओ को भेज दी जाएगी ।

# 11,000 श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा सम्पन्न

### आगामी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य रैली





**शहडोल।**

चैत्र नवरात्रि की पावन महानवमी के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद की धनपुरी इकाई द्वारा एक अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं सेवा-प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं के लिए विशाल प्रसाद वितरण भंडारा एवं शीतल पेय सेवा की व्यवस्था की गई, जिसने पूरे क्षेत्र में सेवा, समर्पण और संगठन की शक्ति का प्रभावशाली परिचय दिया। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जवारा कलश यात्रा में सम्मिलित मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु शीतल शरबत, फल एवं प्रसाद की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई। आयोजन स्थल पर अनुशासन, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करता दिखाई दिया। इस भव्य आयोजन में धनपुरी नगर प्रभारी शिवम तिवारी के नेतृत्व में अश्वनी चौधरी, सौर जैन, नमन सोनी, शुभम जायसवाल, हिमांशु सोनी, लल्लू सोनी, सूजल रजक, प्रियांशु विश्वकर्मा सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए भंडारे की संपूर्ण व्यवस्था को सफल बनाया। सभी कार्यकर्ताओं की संगठित एवं समर्पित कार्यशैली इस आयोजन की सफलता का प्रमुख आधार रही। इस भव्य आयोजन में मेहुल श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति रही, जिनकी प्रभावशाली उपस्थिति एवं प्रेरणादायी उद्बोधन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए पूरे कार्यक्रम को विशिष्ट गरिमा प्रदान की। भंडारे में श्रद्धालुओं की उपस्थिति धनपुरी से लेकर मेहोबास क्षेत्र तक व्यापक रूप से देखने को मिली, जिससे यह आयोजन एक विशाल जनआस्था का केंद्र बन गया। हर वर्ग, हर आयु और हर समाज के लोगों की सहभागिता ने इस सेवा कार्य को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सेवा को सनातन धर्म की आत्मा बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। यह आयोजन केवल भंडारा नहीं, बल्कि संगठन की जीवंत शक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनकर सामने आया।

### आगामी आयोजन की घोषणा

इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि आगामी श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर राष्ट्रीय बजरंग दल, जिला शहडोल द्वारा एक भव्य शोभायात्रा एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को ऐतिहासिक एवं व्यापक स्वरूप देने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

अंत में समस्त संगठन की ओर से इस भव्य आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, धर्मसेवकों एवं श्रद्धालुजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## सुशासन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: विधायक

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित किया गया जिला स्तरीय शिविर



**शहडोल।** केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्र व्यक्तियो तक पहुंचाने तथा जनसामान्य की समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु विभिन्न 4 चरणो में संकल्प से समाधान अभियान के शिविर आयोजित किये गए। इसी श्रृंखला में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुशासन के लिए संकल्पित है। प्रदेष सरकार की मंषा है कि शासन की योजनाओ का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। इसी उददेष्य से समय-समय पर शासन द्वारा विशेष अभियानो का आयोजन किया जाता है। आपने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागो के 106 योजनाओ का लाभ पात्र व्यक्तियो को दिया जाना था।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियो तक पहुंचे इसके लिए हम सब मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के लोगो के लिए जनहितकारी योजनाओ का संचालन कर उन्हें सषक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर दिषा में आगे बढकर समाज में एक अलग पहचान बना रही है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में विभिन्न चरणो में 99 प्रतिशत समस्याओ का निराकरण किया गया है जो सराहनीय है। शेष आवेदनो का निराकरण जिला स्तरीय शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने सबनी बैगा को सामाजिक सुरक्षा पेंषन, प्रेमिया यादव एवं मुमताज खान को कल्याणी पेंशन, चित्रा साहू को वृद्धावस्था पेंशन, बैषाखू एवं तितिया लोधी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मीरा द्विवेदी को प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ प्रियांशी बैगा एवं सुहासिनी जायसवाल को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ प्रतीक स्वरूप वितरित किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिल पंचायत श्री षिवम प्रजापति ने कहा कि प्रदेष सरकार के निर्देषानुसार जिले में स्वशासन एवं स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाने हेतु ग्राम पंचायतों, क्लस्टर स्तर, जनपद स्तर, नगरीय निकायों में अभियान चलाकर आवेदन प्राप्त किये गए तथा विभिन्न स्तरो पर उनका निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत 69979 आवेदन ग्रामीण एवं नगरीय निकायो को प्राप्त हुए जिनमें से 68987 आवेदनो का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिषत 98.58 रहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 44531 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 44475 का निराकरण किया गया। नगरीय विकास आवास को 6548 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 6492 आवेदनो का निराकरण किया गया। राजस्व विभाग को 4821 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2678 आवेदनो का निराकरण किया गया। लोक स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग को 2870 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2867 आवेदनो का निराकरण किया गया। सामान्य प्रषासन विभाग को 1637 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1633 आवेदनो का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को 1416 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत-प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को 754 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 746 आवेदनो का निराकरण किया गया। जनजातीय कार्य विभाग को 631 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 572 आवेदनो का निराकरण किया गया। सहकारिता विभाग को 300 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। वित्त विभाग को 116 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 115 आवेदनो का निराकरण किया गया। पषुपालन एवं डेयरी विभाग को 86 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रितिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। परिवहन विभाग को 75 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। ऊर्जा विभाग को 73 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 72 आवेदनो का निराकरण किया गया। कृषि विभाग को 73 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को 56 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। सूक्ष्म एवं मध्यम विभाग को 25 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 22 आवेदनो का निराकरण किया गया। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग को 17 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग को 14 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। उच्च षिक्षा विभाग को 6 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिषत आवेदनो का निराकरण किया गया। तकनीकी षिक्षा कौषल विकास एवं रोजगार विभाग को 4 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से शत प्रतिशत आवेदनो का निराकरण किया गया।

# नौरोजाबाद में निकला भव्य एवं ऐतिहासिक जवारा जुलूस

### हजारों जवारों से सजी हरियाली, दूर-दूर से उमड़े श्रद्धालु, मां काली की झांकियों ने मोहा मन



**नौरोजाबाद। नगर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शीतला माता मंदिर और खैर माता दरबार से हजारों की संख्या में भव्य जवारा जुलूस निकाला गया, जिसने पूरे नगर को आस्था और भक्ति के रंग में रंग दिया। यह आयोजन इस वर्ष ऐतिहासिक स्वरूप में देखने को मिला, जहां श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा।**

जुलूस में शामिल हजारों जवारों ने सडक़ों पर हरियाली की मानो चादर बिछा दी। नगर की गलियां जयकारों से गूंज उठीं और हर ओर भक्ति का अद्भुत माहौल नजर आया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने इस दिव्य दृश्य को देखने के लिए भारी संख्या में सहभागिता की। जवारा जुलूस मुंडी खोली, बस स्टैंड, पीपल चौक, 5 नंबर कालोनी ,होते हुए राम मंदिर पहुंचा, जहां मां काली के नेतृत्व में जयकारे लगाते हुए भक्त नजर आए। इसी क्रम में बाजार क्षेत्र से निकला जुलूस कृष्णा कॉलोनी, मुंडी खोली, बस स्टैंड, पीपल



चौक, बाजारपूरा सहित नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होता हुआ आगे बढ़ता गया। वहीं जगह-जगह नगरवासियों एवं भक्तों द्वारा ठंडा पानी, शरबत एवं खिचड़ा प्रसाद का वितरण किया गया। अपने सिर पर जवारों को धारण किए बच्चे, महिलाएं और युवा नंगे पांव पूरे नगर में घूमते नजर आए, जो आस्था और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों तक मां की उपासना एवं कन्या पूजन के पश्चात आज मां के दरबार से यह ऐतिहासिक जवारा जुलूस निकाला गया, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। नंगे पांव चल रहे श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए नगर परिषद नौरोजाबाद द्वारा सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव कराया गया। साथ ही नगरवासी भी अपने घरों के सामने पानी डालते हुए नजर आए, जिससे जुलूस में शामिल लोगों को ठंडक मिल सके। मां काली के नेतृत्व में निकाली गईं अनेक भव्य झांकियां इस जुलूस का मुख्य आकर्षण रहीं। झांकियों की भव्यता और धार्मिक भावनाओं ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और आस्था का अद्भुत परिचय दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

उमरिया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने बताया कि ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु हैंडपंप संधारण एवं नल जल योजना संचालन, संधारण हेतु जिला अंतर्गत उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 9993202477 है। ‹उन्होने बताया कि कंट्रोल रूम के लिए अनुरूध्द सिंह उदद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए तथा संजय बर्मन स्टोर क्लर्क कि दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक के लिए लगाई गई है। अवकाश के दिनों में अनिरुद्ध सिंह उद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन को फोन अटेंड कर शिकायत रजिस्टर में संधारित करने हेतु नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत आर के गुप्ता सहायक यंत्री प्रभारी कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 7974203198, हिमांशु जायसवाल उपयंत्री विकासखंड मानपुर पाली मोबाइल नंबर 8109380365 तथा अजय कुमार शर्मा उपयंत्री विकासखंड करकेली मोबाइल नंबर 9131215330 तथा ठेकेदार मेसर्स इंटरनेशनल स्पेशल स्क्योरिटी फोर्स करकेली, मानपुर पाली मोबाइल नंबर 9752291747 से सीधे संपर्क किया जा सकता है ।

### 2 अप्रैल से होमा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन




कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक चार शंकर मंदिर में 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के विजय जायसवाल ने बताया कि 2 अप्रैल को कलश यात्रा दोपहर 3:00 से भागवत महात्म परीक्षित जन्म कथा 3 अप्रैल को जड़ भरत कथा हरिण्याक्ष्य वध कपिल व्याख्यान 4 अप्रैल को ध्रुव प्रहलाद कथा समुद्र मंथन हिरण्यकश्यप सती उद्धार 5 अप्रैल को वामन अवतार राम कथा कृष्ण जन्म 6 अप्रैल को गोवर्धन पूजा छप्पन भोग बाल कथा 7 अप्रैल को रुक्मणी हरण रुक्मणी विवाह 8 अप्रैल को सुदामा चरित्र पुष्प वर्षा तुलसी वर्षा कलयुग कथा 9 अप्रैल को गीता पाठ तर्पण हवन भंडारा विसर्जन के बाद श्रीमद् भागवत कथा पुराण का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ में कथा वाचक आचार्य सुदामा महाराज के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में पहुंचकर पूर्ण लाभ उठावें।

## नृत्य में श्रीराम के सुन्दर रूप एवं स्वरों से दिव्य लोक की मंगलमय यात्रा का कराया गया दर्शन

# मंगल भवन परिसर में 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन




**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन उमरिया के सहयोग से मंगल भवन परिसर, उमरिया में श्रीरामनवमीं के पावन अवसर पर एक दिवसीय 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मध्यप्रदेश के सुविख्यात कलाकारों ने मंगल भवन परिसर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीराम नाम की दिव्यता बिखेर दी।**

उमरिया।

इस अवसर पर पहली प्रस्तुति बघेली लोकगायन की रही, जिसे श्री मुनीन्द्र मिश्रा एवं साथियों, शहडोल ने प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रस्तुति का प्रारंभ जनमें अवध में राम मंगल गावो री.... के साथ किया। इसके बाद बाजी बाजी रे बधाईया बड़ी भोर...तुम्हरे दरश को है आये पांव परवालौ री मईयां... एवं अंत में मां पतित पावनी, हे मां जगतारिणी...के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ सुश्री रश्मि नेगी एवं सुश्री श्यामा सोनी ने गायन में साथ दिया। तबले पर श्री हिमांशु मिश्रा, ढोलक पर श्री अशोक राही एवं की-बोर्ड पर अमित भारती ने संगत दी।

अगली प्रस्तुति श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका की रही, जिसे डॉ. नेहा विश्वकर्मा एवं साथी, जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नाटिका का प्रारंभ गणेश वंदना एवं देवी स्तुति के साथ किया। तत्पश्चात अलग-अलग प्रसंगों में श्रीराम की महिमा दिखाई। सर्वप्रथम राम जन्म प्रसंग को मनभावन ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद नन्हे प्रभु राम एवं माता कौशल्या, कैकेई एवं सुमित के वात्सल्य प्रेम, राम का माता सीता के बाग में प्रथम भेंट, राम विवाह एवं अंत में श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन भजन के साथ नाटिका का समापन किया। डॉ. नेहा के साथ सुश्री आरोही मिश्रा, सुश्री आराध्या मिश्रा, सुश्री अदिति रॉय, सुश्री सिमरन मालिक, सुश्री नेत्रा यादव, सुश्री निकिता गुप्ता, सुश्री श्रेया शीरसागर ने नृत्य किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति सुश्री पल्लवी तिवारी, सिवनी द्वारा भक्ति गायन की रही। उन्होंने गायन का आरंभ गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद बधाई



गीत जन्में है राम रमैया.... गाकर श्रीराम जन्म की बधाई सभी को दी। अगले क्रम में तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे.... गाकर श्रीराम के सौंदर्य को सुरों से सजाया। इसके बाद राम आयेंगे...., नगरी हो अयोध्या सी.... एवं सिया राम जय राम जय राम.... भजनों का खूबसूरत ताना-बाना प्रस्तुत कर वातावरण में आनन्द रस घोल दिया। श्री राम जानकी बैठे हैं...., रामा रामा रटते बीती रे उमरिया...., राम जी की निकली सवारी...., कभी राम बनके कभी श्याम बनके.... जैसे भजन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। अंत में श्रीराम स्तुति प्रस्तुत कर विराम दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर





पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, आसुतोष अग्रवाल, धनुषधारी सिंह सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्र स्वास्थ्य मिशन ने किया मानपुर उप स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण



उमरिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर वी.एस.चंदेल के निर्देशन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्र स्वास्थ्य मिशन दशन पन्द्राम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पनपथा का भ्रमण किया एवं एचपी वैक्सीनेशन के तहत चिन्हित किशोरियों के टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशा सुपरवाइजर मिथिलेश सोनी एएनएम यशोदा मेश्राम को आशा कार्यकर्ताओं को एचपी वैक्सीनेशन हेतु ग्राम स्तर पर उपलब्धि हासिल करने हेतु किया प्रेरित गया। चिन्हित किशोरियों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया , वहीं जिला कारगर प्रबंधक द्वारा गर्भवती हाई रिस्क माता का प्रबंधन करने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत दिनों तक लाभग 2000 किशोरिया जिले में टीकाकृत हो चुकी है । उन्होंने जनमानस से अपील की है कि समस्त 14 वर्ष पूर्ण कर चुके किशोरिया एवं 15 वर्ष तीन माह तक की किशोरी बालिकाएं यह टीका निशुल्क रूप से लगाया जा रहा है जिसे भी संकोच बिना कोई भाई के लगा सकते हैं जो सर्वाइकल कैंसर जैसे बीमारियों से मुक्त रखता है।




## नवाकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से की गई प्याऊ की स्थापना

**उमरिया।** म. प्र. के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आह्वान पर म. प्र. जन अभियान परिषद विकास खंड मानपुर जिला उमरिया द्वारा जल गंगा सनवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारम्भ नवाकुर संस्था यूथ फॉर यूनिटी के द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में नवांकुर संस्थाओं एवं समितियां के सहयोग से जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेंद्र सिंह तराम और परामर्शदाता ठाकुर राम साहू द्वारा ग्राम पंचायत ताला में जल मंदिर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक महेंद्र सिंह तराम ने वह परामर्श दाता ठाकुर राम साहू नाम अंकुर संस्था से महीपत सिंह ग्राम पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक महेंद्र सिंह तराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्याऊ जल सेवा गर्मी के मौसम में राहगीरो की प्यास बुझाने का एक पुनीत और सामाजिक कार्य है जो भारतीय संस्कृति में जल के महत्व को दर्शाता है यह न केवल पानी पिलाकर पुन्य कमाता है बल्कि भीषण गर्मी में राहत बेजुबान पक्षिओं की रक्षा और समुदाय की में सौभार्द व सेवा भाव को भी बढ़ावा देता है जल कार्यक्रम के अंत में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई जल ही जीवन है।

**न्यायालय काशीनाथ सिंह, प्रधान जिला न्यायाधीश शहडोल, जिला-शहडोल म.प्र.**

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना (साधारण प्रारूप)

**MJC124/2025**

गीता सिंह **Vs** मु. भगवती वगै.

प्रति.

भगवती पत्नी कर्नल बी.पी. सिन्हा उम्र-93 वर्ष निवासी शहडोल तहसील सोहागपुर थाना व जिला शहडोल म.प्र.

2.मु. बिट्टन सिंह पिता स्व0 चंद्रोदया सिंह (मृत) जरिये वारिसान

(ए)संजीव सिंह. आयु 62 वर्ष, (बी) बृजेन्द्र सिंह आयु 50 वर्ष, (सी) सीमा सिंह, आयु 45 वर्ष, (डी) ममता सिंह, आयु 42 वर्ष (ई) कामिनी सिंह, आयु 40 वर्ष, (एफ) संध्या सिंह आयु 37 वर्ष सभी के पिता अवधेश प्रताप सिंह निवासी- पुराना आ.टी.ओ. आफिस के पास बुढार रोड शहडोल वर्तमान पटेल नगर शहडोल, जिला-शहडोल म.प्र.

4.रोहन सिंह, 5.शुभम सिंह, 6.शिवम सिंह सभी के पिता चन्द्रभूषण सिंह सभी निवासी ग्राम पटासी सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र.

**Process Id-Q1/2026**

पेशी दिनांक: 22-04-2026

प्रकाशन को मध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायलय के समक्ष उपरोक्त अपीलार्थी/आवेदिका गौता सिंह चंद्रोदय पत्नी स्व0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह उम्र-63 वर्ष, निवासी ग्राम पटासी थाना सोहागपुर शहडोल, जिला- शहडोल म.प्र. हाल निवासी-33/11 के0ही0 सब स्टेशन सलोन थाना व तहसील सालोन जिला रायबरेली उ.प्र. ने अपील विरूद्ध निर्णय व डिकी दिनांक 23.08.2025 पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड शहडोल पीठासीन अधिकारी सुश्री स्वेता यादव, आरसीएसए प्रकरण क्रमांक 37/2017 से क्षुभित होकर प्रथम अपील प्रस्तुत की है। वाद भूमि ग्राम सेमरिहा पटवारी हल्का देवगंवा तहसील सोहागपुर जिला-शहडोल म.प्र. स्थित वादग्रस्त भूमि खसरा नं. 5 रकवा 29.31 एकड़ का जुज रकया 18.09 एकड़ अर्थात 7.5620 हे. भूमि का मालिकाना दखल राजस्व अभिलेख में वादी के नाम स्वामित्व दर्ज अभिलेख वर्ष 1978-79 से रहा है। अपीलार्थी/वादी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील में उल्लेखित आधार एवं अतिरिक्त साक्ष्य अवलोकन एवं अधिनस्थ न्यायालय के रिकार्ड श्रवण तर्क के पश्चात् पारित आलोच्य निर्णय व डिकी दिनांक 23.08.2025 को निरस्त कर अपीलार्थी/वादी के पक्ष में विधिविष्ध फर्जी विक्रयपत्र दिनांक 29.05.1989 प्र.पी.-17 को शून्य घोषित किये जाने की आज्ञा प्रदान कर अपील स्वीकार किये जाने हेतु अपील प्रस्तुत किया है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त एमजेसी प्रकरण में प्रस्तुत अपील को स्वीकार किये जाने में आपको कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22.04.2028 को दिन में 11.00 बजे स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज 1 दिनांक 25/3/26 मे को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**के. एम. सिंह**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**शहडोल (म.प्र.)**

## जंगल की आग से कच्चे मकान में लगी आग, बड़ी अनहोनी टली, लाखों का सामान जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11, बैंक टोला में जंगल में लगी आग ने एक कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगल में गिरे सूखे पत्तों में आग लगा दी गई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास ही स्थित लल्लूराम उसराठे (उम्र 64 वर्ष) के कच्चे मकान तक पहुंच गई। घटना के समय लल्लूराम की पत्नी उचित मूल्य की दुकान से राशन लेने गई थीं, जबकि वे स्वयं नर्मदा मंदिर के सामने कार्य हेतु गए हुए थे। सूचना मिलने पर दोनों तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मकान का एक बड़ा हिस्सा आग की लपटों में घिर चुका था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और नगर परिषद को भी सूचना दी गई। अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले ही घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। बाद में आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी में घर का लाखों रुपये का सामान जल गया, जिसमें घरेलू उपयोग की वस्तुएं, बर्तन, कांच के सामान एवं बेटे के दहेज में मिला पलंग आदि शामिल हैं। घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, किंतु प्रारंभिक तौर पर जंगल में लगाई गई आग को ही इसका कारण माना जा रहा है। यह घटना एक बार फिर जंगलों में आग लगाने की लापरवाही के गंभीर परिणामों की ओर संकेत करती है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# जल शक्ति से नवभक्ति पहल के तहत जल मंदिर प्याऊ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण और जनसेवा की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति अनूपपुर द्वारा सेक्टर क्रमांक 01 स्थित त्रिमूर्ति मड़यिा में "जल शक्ति से नवभक्ति जल मंदिर (प्याऊ)" की स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद गणेश रौतेल एवं मंदिर के पंडित द्वारा गंगा मैया का आह्वान कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद समिति सदस्यों, स्थानीय महिलाओं, पुरुषों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण और जनसेवा का संदेश दिया। इस पहल के तहत पारंपरिक जल पात्रों के माध्यम से राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आयोजक सचिव शिवांशु रंजन, सदस्य लक्ष्मी क्षत्रिय, प्रिया सरावगी, राजकुमारी पहाड़े, मंजुलता,




परामर्शदाता शारदा चौरसिया, विक्रम सिंह सहित सीएमसीएलडीपी छात्रों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसी अभियान के अंतर्गत विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 04 में नवांकुर संस्था पसान द्वारा भी शिव मंदिर परिसर के समीप मुख्य बाजार क्षेत्र में निःशुल्क प्याऊ सेवा प्रारंभ की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई, जिसे सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक बताया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था की सचिव अन्नपूर्णा देवी, परामर्शदाता शिवानी सिंह, बीएमएस कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा मंडल पसान उपाध्यक्ष सचिन जायसवाल, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद विकास जायसवाल, प्रस्फुटन समिति पसान एवं भालूमाड़ा के सदस्य, सीएमसीएलडीपी छात्र पारस मुखर्जी, मालती वर्मा, ईश्वरी देवांगन, अंजलि जायसवाल, अमीषा सिंह सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल की बर्बादी रोकने के लिए जागरूक किया गया। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि गर्मी के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था कर राहगीरों की सेवा करेंगे और जल बचाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। आयोजकों ने कहा कि "जल ही जीवन है" और जल का संरक्षण ही भविष्य को सुरक्षित रखने का सबसे बड़ा माध्यम है।

# सड़कों को लीलते जा रहे अतिक्रमणकारी फुटपाथ व प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों का कब्जा

### लोगों को आवागमन में परेशानी का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

बस स्टैंड के आसपास एक ओर जहां फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा करके रखा है तो वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड के दोनों तरफ जाने वाले प्रमुख मार्गों पर गैरेज वालों ने कब्जा कर लिया जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की अनदेखी के चलते धीरे-धीरे सड़कों को पूरी तरह से अतिक्रमणकारी लीलते जा रहे हैं हालात यह है कि कई कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहन भी नियमित रूप से खड़ा करके रखा गया है। बताया जाता है कि बस स्टैंड से केशवाही तिराहा एवं मुखर्जी चौक की ओर जाने वाली मार्गों पर ज्यादातर गैरेज बनाए गए हैं जिसके कारण सुधार में आने वाले चार पहिया एवं दो पाहिया वाहन बीच सड़क



पर ही खड़ा करके सुधारे जाते हैं। जिससे दिन भर सड़क जाम होने के साथ धुएं व गंदे आयल का प्रदूषण बना रहता है। बस स्टैंड के पास ही स्थित बैंक होने के कारण दिन भर दो पहिया वाहनों के खड़े होने से आने जाने वालों को मशक्कत करनी पड़ती है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार इस मामले को लेकर नगर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा बीच सड़क मे दुकान के बोर्ड एवं गैरेज संचालित करने वालो पर नियमित कार्यवाही न किए जाने के कारण रोड पर कब्जा बढ़ता जा रहा है। समाजसेवी धर्मेंद्र वर्मा का कहना है कि सड़क पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के दिन भर खड़े रहने से व्यवस्था बिगड़ती है जिसमें सुधार करने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### कोटेदारों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

**ब्यौहारी।** विकासखंड के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में काम करने वाले कोटेदारों ने कमीशन बढ़ाए जाने की मांग की कोटेदारों ने बताया कि महंगाई के हिसाब से उनको मिलने वाला कमीशन जो की मानदेय के रूप में मिलता है अभी 14000 रुपए महीना पड़ रहा है हमें तोलने वाले को भी देना पड़ता है मंहगाई के इस दौर में अब इतने वेतन में परिवार चलाना मुश्किल है सभी कोटेदारों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री से कोटेदारों का वेतन ₹20000 महीना किए जाने की मांग की है।

### अलग-अलग हादसों में एक की मौत, कई हुए घायल

**कटनी।** बरही, कुठला, बड़वारा और एनकेजे थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के कुठिया महगवां से बगैहा रोड पुल के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने धनीराम चौधरी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धनीराम चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। बरही पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के मोहन नगर टिकरवारा में ट्रक क्रमांक AP-39-UD-1256 के लापरवाही पूर्वक तरीके से ओवरटेक करने के प्रयास में दूसरे ट्रक को साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में चंडीकानगर निवासी राम नरेश मिश्रा 70 वर्ष घायल हो गए। कुठला क्षेत्र के ही नायरा पेट्रोल पंप के पास एक अन्य हादसे में बाइक क्रमांक MP-21-ZA-3043 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्वास्तिक तिवारी 17 वर्ष को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह बड़वारा थाना के ग्राम मझगवां में बाइक क्रमांक MP-21-ZG-1839 ने राजकुमार कुशवाहा 50 वर्ष को टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं एनकेजे थाना के प्रेमनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से मदन सेन 38 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। एनकेजे पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### जनगणना 2027 हेतु ट्रेनर्स को कराया गया फील्ड विजिट

**कटनी।** जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं एवं कार्यप्रणाली की समग्र जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तृतीय दिवस में प्रतिभागियों को तहसील कटनी नगर के ग्राम कैलवारा खुर्द में फील्ड विजिट के माध्यम से वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। फील्ड विजिट के दौरान तहसीलदार डॉ अवंतिका तिवारी, जिला प्रभारी दीपिका कुमारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राकेश बारी एवं प्रभारी अधिकारी विवेक दुबे उपस्थित रहे। फील्ड विजिट के उपरांत प्रतिभागियों के साथ फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों, उनके समाधान एवं कार्य के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स आगे जिला स्तर पर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जनगणना कार्य को अधिक सटीक, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जा सके।

### भागवत गीता के महा वाक्यों को अपने जीवन में उतारें

**सिलौड़ी।** श्रीमद भगवत गीता के महा वाक्यों को अपने जीवन में उतारें। उक्त विचार राज योगिनी बी के भावना बहिन ने सिलौंडी के श्री राम मंदिर में आयोजित भागवत गीता, रामायण पर आधारित सप्त दिवसीय आध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं से कही। दीप जलाकर आयोजन का शुभारंभ किया गया।

# राम नवमीं के अवसर पर मंदिर तथा घरों में बोए जवारा कलश का विसर्जन





**धनपुरी।** चैत्र नवरात्र के नौवे दिन राम नवमी के अवसर पर मंदिर तथा घरों मे बोए जवारा कलशो का विसर्जन सम्पन हुआ इस अवसर पर आदि सक्ति पीठ माँ ज्वालामुखी मंदिर मंदिर, खेर माता मढ़िया, काली मंदिर ( विलियस न. 1) कच्छी मोहल्ला मढ़िया एक न.काली मंदिर सहित जवारों का विसर्जन स्थानीय ज्वालामुखी घाट पर किया गया नगर मे धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक सरोकार का अनूठा संगम देखने को मिला नौ दिवसीय दुर्गा सप्तमी पाठ भजन कीर्तन का भक्ति भाव के साथ संम्पन हुआ आयोजन मे प्रतिदिन सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया माँ ज्वालामुखी मंदिर से 3100ज्वाला कलश निकला जिसमे हजारों लोग शामिल हुए जवारा जुलुस ज्वालामुखी मंदिर से होते हुए पुरानी बस्ती, सरकारी टोला, कुदरा टोला होते हुए नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहाँ हिन्दू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल के द्वारा जवारा जुलुस का विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया वहीँ नगर मे जवारा जुलुस का विभिन्न सामाजिक संगठनों व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी 1 ( सराहनीय रही प्रशासन की व्यवस्था ) प्रशासन द्वारा पूरे नौ दिनों तक नगर के अंदर पुलिस प्रशासन द्वारा विषेस सतर्कता बरती गई व क़ानून व्यवस्था को बेहतर बनाया रखा गया जिसमे थाना प्रभारी खेम सिंह पेंन्द्रो की विशेष भूमिका रही ( विशाल भंडारे का हुआ आयोजन ) आज माँ ज्वालामुखी मंदिर मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमे आस पास के सैंकड़ो लोगों ने बड़ी संख्या मे आकर प्रसाद ग्रहण किया ( नगर पालिका की रही सराहनीय भूमिका ) नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति रविंदर कौर छावड़ा व मुख्य नगर पालिका धिकारी पूजा बुनकर द्वारा विशेष रूप से सफाई व प्रकाश व्यवस्था को लेकर सराहनीय कार्य किया गया था 28/03/2026, 6:54pm - L

SONI धनपुरी शहडोलः नौ दिनों तक व्यवस्था को सुचारु रूप से सफल बनाने मे अशोक सिंह, द्वारिका विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, पूरन लोधी, लक्छमण तिवारी, गौरव तिवारी, अरविंद रजक,दीपू सिंह, संतोष महरा, बरातू लोधी, भरत महरा, का सराहनीय योगदान रहा

### जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम विकास प्रस्फुट विकास समिति भमरहा सेकंड द्वारा जल मंदिर प्याऊ का किया गया शुभारंभ



**ब्यौहारी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण जल शक्ति से नौ भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 27 मार्च 2026 को सेक्टर क्रमांक 03भोलहरा नवॉकुर संस्था जय बजरंग जन विकास समिति के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमरहा द्वारा स्कूल तिराहा भमरहा2 मे निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम मेंग्राम विकास प्रश्फुटन समिति के अध्यक्ष रामखेलावन सिंह सदस्य गण एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया निशुल्क प्याऊ से आने जाने वाले ग्रामीण जनों को शीतल जल की शुव्यवस्थित व्यवस्था किया गया है इस प्याऊ का संचालन आज दिनांक 27 मार्च से 30 जून तक अनवरत चलेगा इस प्याऊ विशेषता यह पाई गई है की आरो का पानी निशुल्क पिलाया जाएगा जिसमें नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुखेंद्र प्रसाद गुप्ता का विशेष सहयोग रहेगा जो परिषद की ओर से सराहनीय है।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

**बिरसिंहपुर।** पाली शिक्षा एवं संस्कार के लिए प्रसिद्ध बिरसिंहपुर पाली का विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा पंचम एवं अष्टम का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा अष्टम में बहन चांदनी कुशवाहा 87.5% प्रथम स्थान, संध्या राजभर 86% द्वितीय स्थान, पावनी गुप्ता 85.5% तृतीय स्थान, सरिता जायसवाल 84% चतुर्थ स्थान, मेघा गुप्ता 82.8% पांचवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया कक्षा पंचम में बहन आर्या सिंह 90.25% प्रथम स्थान, साक्षी जायसवाल 88.5% द्वितीय स्थान, पावनी गुप्ता 88.2% तृतीय स्थान, मुस्कान सेन 86.5% चतुर्थ स्थान,शिवन्या बर्मन 82.5% पांचवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है भैया बहनों की सफलता के लिए भैया बहनों एवं अभिभावकों को समिति के अध्यक्ष श्री रमाशंकर शिवहरे जी, उपाध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल जी व्यवस्थापक श्री नंदलाल प्रजापति जी सहव्यवस्थापक श्रीमती नलिनी सिंह जी कोषाध्यक्ष श्री रमेशचन्द्र बसरानी जी एवं सदस्यों ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं

### लोक एवं भक्ति गायन के साथ नृत्य नाटिका में दिखी श्रीराम की महिमा

## श्रीराम की महिमा से आलोकित हुआ भरभरा आश्रम का शिव मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला प्रशासन, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास और संस्कृति विभाग, द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केनद्रित' आविर्भाव समारोह' का आयोजन शुक्रवार 27 मार्च, को सायं 6:30 बजे से उमरियापान क्षेत्र के शिव मंदिर, भरभरा आश्रम में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मनमोह लिया।

जबलपुर के लोकगायक भवानीदास अहिरवार ने बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने जनम लये राजा राम ने अवध में.... हमखे लगे बड़े प्यारे बड़े लाल हो गये तुम्हारे.... राम लखन सिया जानकी जय बोलो हनुमान की.. .. जो लो राम जियावे रे, दो बातें.... मन भज लैयो राम नाम तारन हारो..., बम-बम भोला नाथ जय-जय माता पार्वती.... जीवनदान दे रही माँ सबको ज्ञान दे रही माँ नर्मदा... जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। राम भक्ति और शिव स्तुति से सजी उनकी गायकी ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया, वहीं, माँ नर्मदा पर आधारित गीत ने आध्यात्मिक भावों को नई ऊँचाई दी।

अगली प्रस्तुति₹ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कथक नृत्य नाटिका की हुई। नृत्य नाटिका की संकल्पना एवं कोरियोग्राफी कथक नृत्यांगना डॉ. श्यामा पंडित द्वारा की गई है। प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जी वन के प्रमुख प्रसंगों राम-सीता वनवास, सीता हरण, राम की शक्ति पूजा तथा रावण वध को नृत्य के माध्यम से अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। तीनताल में निबद्ध इस प्रस्तुति के साथ तोड़े, टुकड़े, परन एवं तिहाइयों के माध्यम से लय, गति और ताल की जटिलताओं को दर्शाया गया। वहीं, भाव पक्ष रूपक ताल में अभिव्यक्त रहा, जहाँ अभिनय, मुखाभिनय एवं गत-भाव के माध्यम से कथा के संवेदनशील एवं भावनात्मक प्रसंगों को जीवंत कर दिया।₹ राम की शक्ति पूजा₹ प्रसंग ने भक्ति, समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा के गहन चित्रण को प्रस्तुत किया, जबकि रावण वध के दृश्य ने वीर रस से परिपूर्ण हो कर दर्शकों में उत्साह और ऊर्जा का संचार कर दिया।

अंतिम मंचन में बुरहानपुर के नितेश सिंह एवं साथी कलाकारों ने भक्तिगायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ... मंगलाचरण के साथ ही पूरे आश्रम परिसर की आध्यात्मिक भावभूमि को भक्ति रस की धारा से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो.... दुनिया चले ना श्रीराम के बिना... , मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंगे... गीतों का गायन कर स्वर-साधना की परिपक्वता, संगतकारों के साथ सधा हुआ सामंजस्य तथा भावाभिव्यक्ति की सहजता को पेश किया। अगले कड़ी में श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... और रामजी की निकली सवारी... जैसे भक्तिगीतों की श्रंखला ने श्रोताओं को भक्ति-रस में निमग्न कर दिया। प्रत्येक रचना में निहित श्रद्धा, समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा नेवातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय भाव-विभोर होकर तल्लीनता के साथ रसास्वादन करता रहा। मधुर धुनों, लयबद्ध प्रस्तुति और अंतर्मन को स्पर्श करने वाली अभिव्यक्ति ने पूरे आयोजन को एक आध्यात्मिक उत्सव में परिणित कर दिया।



## जल ही जीवन है इसे अधिक से अधिक सहेजने का करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के ग्राम करहिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करहिया, और नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के साथ और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय के सहयोग से जल शक्ति से नव भक्ति सुरक्षित जल, समृद्ध कल के अंतर्गत जागरूकता का संदेश देने के लिए ग्राम वासियों के सहयोग से जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता हेतु कलश यात्रा और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उत्साह के साथ कलश यात्रा और जागरूकता रैली ग्राम से प्रारंभ होकर भ्रमण करती हुई खेर माई मंदिर में समाप्त हुई। रैली में जल बचाओ, जीवन बचाओ। जल है तो कल है ,जल बचाना सरल है। जल नहीं बचाओगे, तो प्यासे रह जाओगे ।दादा दरी दादी करें पुकार, जल बचाओ बारंबार।जैसे उद्घोष के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कलश यात्रा और जागरूकता रैली के समापन के पश्चात खेर माई मंदिर परिसर में ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा देवी भजनों की प्रस्तुति की गई तत्पश्चात परामर्श दाता रामानुज पांडे के द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण में 27 मार्च तक आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अधिकतम वर्षा जल को संरक्षित करते हुए जल स्रोतों के संवर्धन में अपनी सहभागिता देने के लिए प्रेरित किया।

### नगर के अतिप्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर में हनुमान जयंती पर विविध कार्यक्रम उत्साहमय मनाया जायेगा



**बुढ़ार। पवन सुत हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के मध्य स्थित अतिप्राचीन श्री दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर नारायण सरोवर स्थल पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन पूरे श्रद्धा एवं उल्लासमय मनाया जायेगा।**

श्री नारायण सरोवर श्री हनुमान मन्दिर बुढ़ार में श्री हनुमान जयंती के पुण्य अवसर पर 31 मार्च की प्रातः8 बजे से श्रीराम संकीर्तन एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है और 1 अप्रैल को प्रातः 10 बजे हवन कार्यक्रम सम्पन्न होगा।श्री हनुमान जयन्ती महोत्सव पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में 2 अप्रैल को प्रातः 7 बजे श्री हनुमान जी का पूजन एवं अभिषेक के उपरान्त 2 अप्रैल को ही प्रातः 8 बजे से नगर के विभिन्न मार्गों में वाद्ययंत्रों के मध्य दो पहिया वाहन रैली निकाली जायेगी और अपरान्ह 12 बजे से मन्दिर में विशाल भण्डारा (प्रसाद) कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस पुनीत अवसर पर श्री हनुमान मन्दिर से 2 अप्रैल को रात्रि विशाल झांकी बाजे-गाजे व जयघोष के साथ नगर के मुख्य मार्गों में निकाली जायेगी। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में मंदिर के पुजारी ने श्रद्धालु जनों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और जातिगत अपमान करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, बुढार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बुढार।** शहडोल जिले की बुढार पुलिस ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कडा प्रहार करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और जातिगत आधार पर विवाह से इनकार करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ़्तार किया है।



### क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि पिछले 11 फरवरी 2026 को पीड़िता के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि कान्हा उर्फ आकाश चेलानी (निवासी मिश्रा कॉलोनी, बुढार) ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब विवाह की बात आई, तो आरोपी ने पीड़िता की जाति को आधार बनाकर शादी करने से साफ इनकार कर दिया।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कान्हा चेलानी, आशीष चेलानी और नवीन चेलानी के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं और SC/ST एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी।पूर्व की कार्रवाईः विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व में ही एक आरोपी (आशीष चेलानी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया था।ताजा गिरफ्तारीः इसी क्रम में 28 मार्च 26 को पुलिस ने प्रकरण के मुख्य आरोपी कान्हा उर्फ आकाश चेलानी (पिता मेवनदास चेलानी, उम्र 30 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### एक आरोपी अब भी फरार

नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने बताया कि इस घटनाक्रम में अभी एक अन्य आरोपी नवीन चेलानी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही उसे भी हिरासत में लेने का दावा किया है।

### टीम की सराहनीय भूमिका

इस प्रभावी कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढार निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गोविंदराम भगत, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह और आरक्षक चंद्रभूषण तिवारी की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वैतरणी और नाले के सहारे शौचालय का पानी पहुंच रहा नर्मदा में

# आस्था पर गंदगी का दाग, अमरकंटक बस स्टैंड बदहाल

मध्यप्रदेश की पवित्र नगरी अमरकंटक, जहां से मां नर्मदा का उद्गम होता है, आज अव्यवस्थाओं और गंदगी की मार झेल रही है। बस स्टैंड की बदहाल स्थिति न सिर्फ यात्रियों को परेशान कर रही है, बल्कि आस्था के प्रतीक नर्मदा नदी को भी प्रदूषित कर रही है। शौचालय का गंदा पानी सीधे नाले के जरिए नदी में मिल रहा है, जबकि जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं और जनप्रतिनिधि महज आचमन तक सीमित नजर आते है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर









अमरकंटक जिसे मां नर्मदा की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है, देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। लेकिन इसी पवित्र स्थल का बस स्टैंड आज अव्यवस्थाओं और लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। यहां आने वाले यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है, बैठने की सुविधाएं नदारद हैं और स्वच्छता का स्तर बेहद खराब है। सबसे गंभीर बात यह है कि बस स्टैंड स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स से निकलने वाली गंदगी खुले नालों के माध्यम से सीधे मां नर्मदा में पहुंच रही है। यही नहीं, मां नर्मदा के किनारे निजी भवनों और कई संस्थानों का सीवेज भी वैतरणी नदी या नालों के जरिए नर्मदा में मिल रहा है। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था पर भी सीधा आघात है। एक ओर सरकार नर्मदा स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं उद्गम स्थल पर ही ऐसी बदहाली प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है और नेताओं की दिखावे की आस्था को भी उजागर करती है।

### बस स्टैंड बना अव्यवस्थाओं का अड्डा

अमरकंटक बस स्टैंड की हालत बेहद खराब है। यहां यात्रियों के लिए न तो सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था है और न ही साफ-सुथरा वातावरण नजर आता है दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु घंटों बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन उन्हें खंडहर सा दिखाई देने वाला बस स्टैंड जहां पर आराम की कोई सुविधा नहीं नजर आती है। पेयजल की व्यवस्था भी वर्षों से प्रतीक्षा में है जो है वह बेहद खराब स्थिति में है। इससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। बस स्टैंड की यह बदहाली पर्यटन स्थल की छवि को भी खराब कर रही है, जिससे बाहर से आने वाले लोगों के बीच गलत संदेश जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और नेता महज अमरकंटक को दिखावा करने का स्थल बना चुके है।

### शौचालय की गंदगी सीधे नर्मदा में

सबसे चिंताजनक स्थिति सुलभ कॉम्प्लेक्स की है, जहां से निकलने वाला गंदा पानी बिना किसी ट्रीटमेंट के खुले नालों में बहता हुआ सीधे मां नर्मदा में मिल रहा है। यह न केवल स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक आस्था का भी अपमान है। जिस नदी को लोग मां मानकर पूजते हैं, उसी में गंदगी का बहाव बेहद गंभीर विषय है। इससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है और नदी की पवित्रता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

### वैतरणी के सहारे बढ़ रहा प्रदूषण

बस स्टैंड के अलावा मंदिर परिसर के बगल से और नर्मदा नदी के किनारे निजी संस्थानों और मकानों का सीवेज भी सीधे या वैतरणी नदी के जरिए नर्मदा में मिल रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि पूरे क्षेत्र में सीवेज प्रबंधन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, सीवेज का प्लांट तो बना लेकिन आज तक संचालित न हो सका है सभी काम महज कागज़ों तक ही सीमित नजर आता है वैतरणी नदी, जो नर्मदा की सहायक धारा है, अब गंदगी ढोने का माध्यम बन गई है। इससे न केवल नर्मदा का जल दूषित हो रहा है, बल्कि आसपास के पर्यावरण और जैव विविधता पर भी खतरा बढ़ रहा है। यह समस्या धीरे-धीरे गंभीर रूप लेती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे नजरअंदाज किया जाता रहा हैं।

### स्वच्छता अभियान पर सवाल

सरकार द्वारा नर्मदा स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उद्गम स्थल पर ही यदि ऐसी स्थिति है, तो अन्य क्षेत्रों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। योजनाएं कागजों तक सीमित रह गई हैं और उनका सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी को उजागर करती है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्वच्छता अभियान केवल दिखावा बनकर रह जाएगा जिसे जनता सिर्फ छलावा ही कहती नजर आएगी।

### जिम्मेदारों की चुप्पी, आस्था पर चोट

इतनी गंभीर समस्या के बावजूद स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों की अकर्मण्डता दर्शाती है। न तो इस गंदगी को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है और न ही जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जा रही है। इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है और लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। अमरकंटक जैसे पवित्र स्थल की यह स्थिति कहीं न कहीं सिस्टम की नाकामी को दर्शाती है। अब जरूरत है कि प्रशासन जागे और नेता दिखावा की आस्था न दिखाए तत्काल प्रभाव से सफाई, सीवेज प्रबंधन और मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करे, ताकि मां नर्मदा की पवित्रता बनी रह सके।



# रेलवे कॉलोनी का संयुक्त दौरा कर समस्या निवारण का हुआ पहल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रामनवमी के शुभ अवसर 27 मार्च को रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं अनूपपुर शाखा प्रभारी लक्ष्मण राव ने रेल कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) इंचार्ज शहडोल अरविन्द कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) अनूपपुर रोहित कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर सिग्नल अनूपपुर देवेश गर्ग, साइड मैनेजर पंकज कुमार यादव, मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के सक्रिय सदस्य राजकुमार पोर्ते, संतोष कुमार सिंह आदि ने संयुक्त सर्वे कर निम्नलिखित निर्णय लिया गया। अनूपपुर के पूर्वी रेलवे कालोनी ब्लाक नम्बर 44 का 1 से 4 तक आवास के सामने 15 दिनों में चैन लिकिंग बाउंड्री वॉल बनाया जाएगा, न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी पश्चिम दिशा में ब्रेकर एवं सभी ब्लाकों में एप्रोच सीसी रोड ड्रैन सहित बनेगा, न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी पश्चिम दिशा में सीसी रोड जो चचाई मुख्य रोड़ मिलता है वहां एक्सीडेंट पाइंट होने का कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौराहा का निर्माण कर 10 फीट का साइड रोड़ का निर्माण कार्य किया जाएगा, न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी पश्चिम दिशा के आवासों के सामने टूटे हुए चैन लिकिंग बाउंड्री वॉल के स्थान नया 06 फीट ऊंचे पक्के बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा, अनूपपुर रेलवे मधु वाटिका पार्क के बगल में बैडमिंटन कोर्ट के चारों ओर चैन लिंकिंग बाउंड्री वालों बनाकर ओपन जिम व क्रिकेट बॉक्स का निर्माण किया जाएगा, साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा सचिव जयंतोदास गुप्ता ने बताया की लगातार रेलवे कॉलोनी के विकास के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते मजदूर विकास के काम पर अपना प्रयास जारी रखे हुए उपरोक्त मांगों पर सहायक मंडल अभियंता शहडोल एवं अन्य उच्च अधिकारियों को लिखित मांग पत्र सौंपा दिया गया है।

# कांसा शा. उचित मूल्य दुकान में अचानक लगी आग में पाया काबू



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पैक्स दुलहरा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम कांसा में अचानक आग लग गई। मोहल्ले के लोगों ने विक्रेता चौकीदार एवं डायल 112 को जानकारी दी गई। दुकान विक्रेता राकेश पटेल जब उचित मूल्य दुकान पहुंचे तो ताला खोले इसके पश्चात मोहल्ले के लोगों ने पाइप पानी की व्यवस्था करके आग बुझाया गया। स्थान पर मौजूद लोगों ने बताया कि अनाज का वितरण तीन दिवस पूर्ण हो चुका था। उचित मूल्य दुकान में अनाज के खाली बोरे रखे हुए थे जिसमें आग लगी हुई थी जिसे बुझाया गया एवं दो कमरों में 20-20 बोरी अनाज वितरण हेतु बची थी जिसमें आग ना पहुंच पाने से सुरक्षित रहा उक्त लगे आग में अनाज के खाली वारदाने और कुर्सी जलकर खाक हुई है। दूलहरा समिति पैक्स प्रबंधक मनोज विश्वकर्मा मौका स्थल पर पहुंचकर विक्रेता राकेश पटेल को समस्त जले हुए सामग्रियों की पंचनामा सूची बनाकर रखने का सलाह दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के पीछे एक छोटा सा तालाब है जहां पर भारी मात्रा में कचरा उगा रहता है वही किसी कारणवश आग लगने के कारण रोशनदान से हवा में आग की लपटे उड़कर पहुंची जिसके कारण आग लग गई। डायल 112 के आरक्षक द्वारा बताया गया कि इस संबंध लक्ष्मी राठौर के द्वारा जानकारी दी गई जिसका इवेंट हमें भोपाल से प्राप्त हुआ हमने नगर पालिका अनूपपुर को फायर ब्रिगेड भेजने की जानकारी दिए परंतु कहीं और व्यस्त होने के कारण अभी नहीं आ पा रहा है परंतु पहुंचेगी। ज्ञात हो कि उक्त फायर ब्रिगेड सभी प्रकार के आग पर काबू पाए जाने के 2 घंटे पश्चात घटनास्थल पर पहुंची। बाकी कोई किसी प्रकार की जनधन हानि अप्रिय घटना नहीं हुई है।

**नशे में विवाद बना मौत का कारण**

# लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या, मां-बेटे पर आरोप

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा। कोतमा थाना क्षेत्र के श्रमिक नगर पकरिया में आपसी विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां नशे में हुई कहासुनी के बाद एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रमिक नगर पकरिया में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। लंबे समय से चल रहे आपसी विवाद और शराब के नशे में हुई कहासुनी ने आखिरकार एक युवक की जान ले ली।**





मृतक मनोज साहू (35) का पड़ोस में रहने वाले चौधरी परिवार से पुराना विवाद बताया जा रहा है। शुक्रवार रात को दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था, लेकिन शनिवार सुबह फिर से तनाव बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान शिवराम चौधरी और उसकी मां रेमुन बाई ने गाली-गलौज करते हुए मनोज साहू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के बावजूद मनोज किसी तरह घर की ओर बढ़ा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने विवाद ने लिया खौफनाक रूप

मृतक मनोज साहू और चौधरी परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। आए दिन दोनों पक्षों में कहासुनी होती थी, जिससे इलाके में तनाव बना रहता था। शुक्रवार रात भी शराब के नशे में विवाद हुआ था, जिसे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर शांत कराया था। लेकिन यह शांति ज्यादा देर नहीं टिक सकी और अगले ही दिन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यह घटना दर्शाती है कि छोटे-छोटे विवाद अगर समय रहते सुलझाए न जाएं, तो वे बड़े अपराध का कारण बन सकते हैं।

### लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला

शनिवार सुबह विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने मनोज साहू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गाली-गलौज के बीच हुई इस मारपीट में उसे हाथ, सीने और शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला इतना अचानक और हिंसक था कि मनोज को संभलने का मौका तक नहीं मिला। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वह किसी तरह खुद को बचाकर वहां से निकला, लेकिन शरीर पर आई गंभीर चोटें उसकी जान पर भारी पड़ गईं है।

### घर पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें

घटना स्थल मृतक के घर से कुछ दूरी पर स्थित एक इमली के पेड़ के पास बताया जा रहा है। हमले के बाद घायल मनोज साहू दर्द से कराहते हुए अपने घर की ओर बढ़ रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही समय में वह गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक दृश्य ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। परिजन और स्थानीय लोग उसे बचाने की कोशिश करते रहे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### पुलिस जांच में जुटी, आरोपी फरार

घटना की सूचना मिलते ही कोतमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के अनुसार मामला नशे में हुए विवाद का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी शिवराम चौधरी व उसकी मां रेमुन बाई की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है। इलाके में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

# अमरकंटक में सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण को मिली रफ्तार

## सांसद हिमाद्री सिंह ने कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



आदिवासी अंचल और पवित्र नगरी अमरकंटक में सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण की मांग को अब नई गति मिल गई है। क्षेत्र के युवाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई इस महत्वपूर्ण मांग को गंभीरता से लेते हुए शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने कलेक्टर अनूपपुर को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सांसद द्वारा लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमरकंटक क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने एक आवेदन प्रस्तुत कर सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण की मांग की है। इस मांग के समर्थन में कई लोगों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए गए हैं, जो क्षेत्र में खेल अधोसंरचना की आवश्यकता को दर्शाते हैं। पत्र में सांसद ने स्पष्ट किया है कि अमरकंटक न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, बल्कि यह आदिवासी अंचल होने के कारण विकास की दृष्टि से भी विशेष प्राथमिकता का पात्र है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति गहरी रुचि और प्रतिभा होने के बावजूद, पर्याप्त संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। सांसद हिमाद्री सिंह ने कलेक्टर को निर्देशित किया है कि इस जनहितकारी परियोजना को ध्यान में रखते हुए खनिज प्रतिष्ठान निधि से आवश्यक राशि स्वीकृत करने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि यदि अमरकंटक में सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण होता है, तो इससे न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा, बल्कि वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद द्वारा इस मुद्दे को प्राथमिकता में रखते हुए जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है और अपेक्षा की जा रही है कि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कार्यवाही प्रारंभ होगी। इसके साथ ही, स्टेडियम निर्माण से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं में अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। खेल आयोजनों के माध्यम से अमरकंटक में खेल पर्यटन (स्पोर्ट्स टूरिज्म) को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने सांसद की इस पहल का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा और अमरकंटक को एक बड़ी सौगात मिलेगी। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन की आगामी कार्यवाही पर टिकी हैं, जिससे यह महत्वपूर्ण परियोजना धरातल पर उतर सके।

# 70 संतों की तपस्वी जमात का अमरकंटक आगमन

## वैदिक मंत्रोच्चार, आरती और श्रद्धा से सजी कल्याण सेवा आश्रम की आध्यात्मिक वेला

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में उस समय आध्यात्मिक वातावरण और भी अधिक दिव्य हो उठा, जब श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, प्रधान कार्यालय कृष्णा नगर प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से 70 साधु-संतों की तपस्वी जमात मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा के दौरान नगर के प्रमुख कल्याण सेवा आश्रम पहुंची।



आश्रम में आगमन पर कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज के द्वारा गोला साहब का विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न कराई गई। इस पावन अवसर पर अरदास करते हुए समस्त संतों एवं आगंतुकों के मंगलमय यात्रा की कामना की गई तथा सभी का भावपूर्ण स्वागत एवं सम्मान किया गया। भ्रमणशील जमात के महंत स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज के नेतृत्व में यह संत समाज मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा कर रहा है, जिसकी शुरुआत ओंकारेश्वर धाम से की गई है। यह साधु-संतों की तपस्वी टोली जबलपुर के ग्वारीघाट से होते हुए अमरकंटक पहुंची है और 31 मार्च 2026 तक कल्याण सेवा आश्रम में विश्राम करेगी, तत्पश्चात अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेगी। आश्रम परिसर में संतों के स्वागत हेतु धार्मिक विधि-विधान के साथ भव्य आयोजन किया गया। आचार्य पुरोहित मुकेश पाठक एवं संदीप जोशी के मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों की मंगल ध्वनि और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ साधु-संतों की जमात का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्वामी धर्मानंद जी महाराज, स्वामी शांतानंद जी महाराज स्वामी जगदीशानंद जी महाराज, स्वामी सुंदरानंद जी महाराज, स्वामी हर्ष स्वरूप महाराज, कोठारी बाबा जी, विनोद कार्की एवं राजेंद्र बिष्ट सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सनातन परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली, जिससे अमरकंटक की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक आलोकित हो